पेज थ्री देहरादून

देहरादून बुधवार 12 अगस्त 2020 पेज 8

हमारा दून

रविंद्र सिंह आनंद के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक हरबंस कपूर का घेराव करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की विस अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बदी हैं। यहां जारी एक बयान में विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भक्ति, ज्ञान, योग व कर्म का जो महान संदेश दिया है, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि लोगों को श्री कृष्ण के उपदेशों को आत्मसात करना चाहिए।

### प्रीतम ने भारी बारिश से आई आपदा का किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने दून की कैंट विधानसभा वार्ड नं. 35 श्री देव सुमन नगर क्षेत्रान्तर्गत, श्रीदेव सुमन नगर, मित्रलोक कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, दीप लोक कॉलोनी, महेंद्र विहार, धोबिवाली गली, शिवा चौक में भारी बारिश से आई आपदा का स्थलीय निरीक्षण किया। आपदा प्रभावित स्थानीय निवासियों की पीड़ा को सुनने के पश्चात उन्होंने आपदा प्रबंधन में प्रशासन की लापरवाही व सुस्ती पर रोष व्यक्त करते हुए पीड़ितों की तत्काल मदद करने को कहा। प्रीतम सिंह शीघ्र ही देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में दैवीय आपदा से हुए नुकसान को लेकर राज्य के मुख्य सचिव से मुलाकात करेंगे।

### युवा कांग्रेस का केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जावेडकर के विरोध में प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। युवा कांग्रेस देहरादून पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना 2020 के विरोध में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावेड़कर एवं भारत सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नेगी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में इकट्ठा हुए और वहां पर केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर व भारत सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि युवा कांग्रेस का आरोप– नियमों की अनदेखी करने वालों को भी मंजूरी मिलेगी का पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा।

### नये जेफिरस जी14 के साथ धूम मचाने के लिए आसुस आरओजी पूरी तरह तैयार

**संवाददाता** देहरादून। प्रमुख ताइवानी टेक कंपनी, आसुस रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) ने आज 'स्टेट–ऑफ–द–आर्ट' उत्पाद, जेफिरस जी14 को लॉन्च करके एक उत्कृष्ट गेमिंग अनुभव देने वाली सोच को मजबूती प्रदान की है। आसुस आरओजी का प्रमुख उत्पाद नया एएमडी रिजेनन् 9 4900 एचएस प्रोसेसर के साथ 8 कोर तक और 16 थ्रेड्स तक का पावर पैक परफॉर्मेंस देता है।

# दूरस्थ क्षेत्रों में राहत कार्य पहुंचाना भी एक चुनौती

**चर्चा**

■ सीएम से राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के प्रतिनिधिमण्डल ने शिष्टाचार भेंट की

■ प्राकृतिक आपदा एवं राहत व बचाव कार्य जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के प्रतिनिधिमण्डल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल में सदस्य एनडीएमए राजेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव एनडीएमए रमेश कुमार एवं संयुक्त सलाहकार एनडीएमए नवल प्रकाश शामिल थे। इस अवसर पर उत्तराखण्ड में प्राकृतिक आपदा एवं राहत व बचाव कार्य जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में फॉरेस्ट फायर और लैंड स्लाईड जैसी प्राकृतिक आपदाओं से अधिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन के तहत बनायी जाने वाली योजनाओं में वनाग्नि जैसी



प्राकृतिक आपदाओं को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में राहत कार्य पहुंचाना भी एक चुनौती है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से युवा मंगल दलों एवं महिला मंगल दलों को आपदा की परिस्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें घायलों को फर्स्ट एड देने जैसे प्रशिक्षण भी शामिल हैं। उन्होंने प्रतिनिधिमण्डल से एनडीएमए द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम 'आपदा मित्र' के प्रशिक्षण में ट्रॉमा ट्रेनिंग (फर्स्ट एड) जैसे प्रशिक्षणों को शामिल करने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबन्धन हेतु बनायी गयी योजनाओं एवं दिशानिर्देशों में मैदानी क्षेत्रों के अनुसार योजनाएं बनायी जाती रही हैं। परन्तु पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं का स्वरूप एवं प्रभाव मैदानी क्षेत्रों से भिन्न है, इसलिए योजनाओं एवं दिशानिर्देशों को बनाते समय पर्वतीय क्षेत्रों के अनुरूप योजनाओं को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकतर मकान मिट्टी एवं छतें फटालों से बनायी जाती हैं। आपदा की गाईडलाईन के अनुसार ऐसे मकानों को कच्चा मकान कहा जाता है, इससे आपदा प्रभावितों को काफी कम आर्थिक मदद प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में इस प्रकार के मकानों को पक्के मकानों की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।

### देशभर में 'आपदा मित्र' योजना शुरू की गयी: सिंह

एनडीएमए राजेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशानिर्देशों के अनुपालन में देशभर में 'आपदा मित्र' योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत आपदा मित्रों को 12 से 15 दिन का बचाव एवं राहत कार्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत देश के 720 जनपदों में से 350 जनपदों में लगभग एक लाख आपदा मित्र तैयार करने की योजना है, जिसमें उत्तराखण्ड के 02 जनपद हरिद्वार एवं उधमसिंहनगर शामिल हैं। यदि राज्य सरकार जमीन उपलब्ध करा दे तो उत्तराखण्ड के प्रत्येक जनपद में आपदा से प्रभावित 3 हजार से 5 हजार लोगों के ठहरने हेतु शेल्टर बनाए जा सकते हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के शेल्टर आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में काफी मददगार साबित होंगे एवं इसके लिए राज्य सरकार की ओर से हर सम्भव सहायता की जाएगी।

# विभागों के कार्मिकों की समस्या को सरकार हल करेगी

**निर्णय**

■ नगर निगम हरिद्वार को 10 करोड़ 9 लाख रुपये का चेक प्रदान किया

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत और नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने नगर निगम हरिद्वार को 10 करोड़ 9 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। उत्तराखंड सरकार ने नगर निगम हरिद्वार से सम्बन्धित 2016 तक सेवानिवृत्त कार्मिकों के बकाया वेतन, पेंशन एवं अन्य देयता के भुगतान के सम्बन्ध में निर्णय लिया है। चतुर्थ वित्त आयोग की संस्तुतियों



पर सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में वर्तमान वित्त वर्ष–2020–21 में 10 करोड़ 9 लाख 50 हजार की धनराशि को स्वीकृति नगर निगम कार्मिकों के लंबित पेंशन भुगतान के लिये दी गयी है।

शहरी विकास विभाग द्वारा एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली प्रोर्टल के माध्यम से आनलाईन बिल तैयार कर उक्त धनराशि को नगर निगम हरिद्वार के पीएलए खाते हस्तांतरित की जायेगी।

उक्त धनराशि से 31 मार्च, 2016 तक सेवानिवृत्त कार्मिकों का बकाया वेतन, पेंशन एवं अन्य देयता का भुगतान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने निदेशक नगर विकास विनोद सुमन को निर्देश देते हुये कहा कि मृतक आश्रित और पदोन्नति के मामलों का जल्द निस्तारण करें। काफी दिनों से चल रही लंबित पेंशन भुगतान की जायज मांग को देखते हुए सरकार ने कार्मिकों के हित निर्णय लिया है और कहा गया कि नगर विकास सहित सभी विभागों के कार्मिकों की समस्या को सरकार हल करेगी।

देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सौदा, अध्यक्ष गढ़वाल मण्डल गनन कांगडा, उपाध्यक्ष गढ़वाल मण्डल सत्यप्रकाश, शाखा सचिव हरिद्वार नीरज बागड़ी, शाखा अध्यक्ष हरिद्वार अशोक कुमार एवं सदस्य अभिनव अग्रवाल ने खुशी प्रकट करते हुए आभार व्यक्त किया।

### विधायक हरबंस कपूर और रविंद्र सिंह आनंद के बीच हुई तीखी नोकझोंक

**संवाददाता** देहरादून। कैंट विधानसभा क्षेत्रांतर्गत टीचर्स कालोनी में बरपे बारिश के कहर के बाद आज क्षेत्रवासियों ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक हरबंस कपूर का घेराव किया। विधायक हरबंस कपूर एवं रविंद्र सिंह आनंद के बीच हर बार की इस समस्या को कर तीखी नोकझोंक भी हुई। रविंद्र सिंह आनंद ने उनसे क्षेत्रवासियों के नुकसान की भरपाई की मांग की। ज्ञात हो कि गत दिवस तेज बारिश के बाद टीचर्स कालोनी स्थित नाले के भरने से क्षेत्रवासियों के घरों में पानी घुस गया था। जिससे बहुत से लोगों को खासा नुकसान हुआ। घरों की दीवारें भरभरा की टूट गई व सामान सब पानी के कारण खराब हो गया। मौके पर पहुंचे आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने क्षेत्रीय विधायक हरबंस कपूर को फोन कर वहां बुलवाया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।